मध्यप्रदेश शासन

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग

मंत्रालय भोपाल

भोपाल, दिनांक 14/02/2022

क्रमांक एफ 16-15/2021/ए-ग्यारह:- राज्य शासन एतद् द्वारा मेसर्स गोकलदास एक्सपोर्टस अचारपुरा प्रायवेट लि. द्वारा प्रस्तुत रू. 109.95 करोड़ (प्लांट, मशीनरी एवं भवन 90.10 करोड़) के पूंजी निवेश से औद्योगिक क्षेत्र अचारपुरा, भोपाल में दो चरणों में रेडीमेड गारमेंटस इकाई स्थापना संबंधी पूर्व में प्रस्ताव हेतु शासन आदेश दिनांक 16.06.2021 द्वारा स्वीकृत सुविधाओं के संबंध में पुनर्विलोकन अभ्योवदन पर निम्नानुसार सुविधाएं दिए जाने का निर्णय लिया गया-

1. औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के आदेश क्रमांक एफ 16-15/2021/ए-ग्यारह दिनांक 16/06/2021 के अनुसार मेसर्स गोकलदास एक्सपोर्टस लि. को स्वीकृत सुविधायें ग्रुप की नवीन कंपनी मेसर्स गोकलदासएक्सपोर्टस अचारपुरा प्रायवेट लि. को स्वीकृत की जायें एवं इकाई को किया गया भू-आवंटन इकाई की नवीन कंपनी गोकलदासएक्सपोर्टस अचारपुरा प्रायवेट लि. के नाम से संशोधित किया जाये।

2. **निवेश प्रोत्साहन सहायता** –उद्योग सवंर्धन नीति 2014 (यथा संशोधित 2021) में प्रावधानित निवेश प्रोत्साहन सहायता परियोजना अन्तर्गत यंत्र-संयंत्र तथा भवन में किये गये निवेश पर 40 प्रतिशत की स्थिर दर से 7 वर्ष की अवधि में बिना किसी सीमा के शर्तों के अध्याधीन प्रदान की जाये। परियोजना को योजना अन्तर्गत प्रावधानित निर्यात एवं रोजगार गणक का लाभ शर्तों के अध्याधीन पृथक से प्राप्त होगा।

3. विभागीय आदेश क्रमांक एफ 16-15/2021/ए-ग्यारह दिनांक 16/06/2021 के अनुसार स्वीकृत शेष सुविधायें यथावत रहेंगी।

4. परियोजना को स्वीकृत सुविधाओं का लाभ इस शर्त पर प्राप्त होगा कि परियोजना में इस परिप्रेक्ष्य में आदेश जारी होने की दिनांक 16/06/2021 से प्रतिबद्ध निवेश के साथ 3 वर्ष में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ कर लिया जाये।

5. कम्पनी की शेष अन्य मांगों को अमान्य किया जाता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम
से तथा आदेशानुसार

(संजय कुमार शुक्ल)
प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग

पृ.क्र. एफ 16-15/2021/ए-ग्यारह **भोपाल, दिनांक 14 /02/2022**

प्रतिलिपि,

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, मुख्यमंत्री कार्यालय, मंत्रालय भोपाल।
2. उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, भोपाल।
3. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग, ऊर्जा विभाग, मंत्रालय, बल्लभ भवन, भोपाल।
4. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश इण्डस्ट्रीयल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि., भोपाल।
5. आयुक्त, भोपाल संभाग, भोपाल।
6. कलेक्टर, जिला भोपाल ।
7. आथोराइज्ड सिग्नेटरी, मेसर्स गोकलदास एक्सपोर्टस अचारपुरा प्रायवेट लि., No. 25, 2nd cross, 3rd main, Yeshwantpur Industrial Suburb, Bengaluru, 560022.

- की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग